भारत सरकार
भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.1916
मंगलवार, 03 मार्च, 2020 को उत्तर के लिए नियत

भारी उद्योगों की स्थापना हेतु सर्वेक्षण

1916. श्री वाई. देवेन्द्रप्पा:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने उन क्षेत्रों/राज्यों में कोई सर्वेक्षण किया है जहां भारी उद्योगों की स्थापना के लिए कच्ची सामग्री प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है; और

(ग) उन राज्यों, जहां कोई भी केन्द्रीय सरकारी उपक्रम अभी तक स्थापित नहीं किए गए हैं, में कोई भी सरकारी क्षेत्र का भारी उद्योग स्थापित न किए जाने के क्या कारण हैं?

उत्तर
भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रकाश जावड़ेकर)

(क) से (ग): जी नहीं। भारी उद्योग विभाग ने उन क्षेत्रों/राज्यों में सर्वेक्षण नहीं किया है जहां भारी उद्योगों को स्थापित करने के लिए कच्चा माल प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। इसके अलावा, उद्योग की स्थापना करना राज्य का विषय है और इस विभाग की भूमिका अपने प्रशासनिक नियंत्रणाधीन केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के प्रबंधन तक सीमित है।

*****